समाचार

# निगम के दर्रीखार एस.एल.आर.एम. सेंटर का निरीक्षण किया कोरबा जिला प्रभारी सचिव ने

## (अपशिष्ट प्रबंधन व सेंटर की विविध गतिविधियों की सराहना की, स्वच्छता दीदियों का किया उत्साहवर्धन)



कोरबा 11 अप्रैल 2025 – कोरबा जिला प्रभारी सचिव डॉ.रोहित यादव आज नगर पालिक निगम कोरबा के दर्रीखार स्थित एस.एल.आर.एम.सेंटर (मणिकंचन केन्द्र) पहुंचे। उन्होने सेंटर का सघन निरीक्षण किया, सेंटर में अपशिष्ट प्रबंधन कार्यो एवं वहॉ पर संचालित विभिन्न गतिविधियों व व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए सेंटर के कार्यो की सराहना की। उन्होने सेंटर का संचालन करने वाली महिला स्वसहायता समूह की सदस्यों व स्वच्छता दीदियों द्वारा किए जा रहे कार्यो की प्रशंसा कर उनका उत्साहवर्धन किया, उन्हें अपनी शुभकामनाएं दी। इस मौके पर प्रभारी कलेक्टर व निगम आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री दिनेश कुमार नाग भी उपस्थित थे।

कोरबा प्रवास के दौरान आज शुक्रवार 11 अप्रैल को कोरबा जिला के प्रभारी सचिव डॉ.रोहित यादव नगर पालिक निगम कोरबा की दर्रीखार स्थित एस.एल.आर.एम.सेंटर पहुंचे, प्रभारी कलेक्टर व निगम आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय के साथ उन्होने सेंटर की विभिन्न गतिविधियों व व्यवस्थाओं का जायजा लिया, इस दौरान उन्होने सूखे व गीले कचरे के पृथकीकरण, अपशिष्ट के रिड्यूज, रियूज व रिसाईकल प्रबंधन, गीले कचरे से कम्पोस्ट शेड में खाद के निर्माण की प्रक्रिया, खाद की पैकिंग, भण्डारण एवं विक्रय, मशरूम उत्पादन, गोबर से निर्मित दीये एवं उनके विक्रय, सेंटर में संधारित पंजियों,

दस्तावेंजा का अवलोकन, सेंटर की स्वच्छता व साफ–सफाई, कचरा प्रबंधन एवं सेंटर की सम्पूर्ण व्यवस्थाओं व संचालित गतिविधियों का बारीकी के साथ अवलोकन करते हुए सेंटर के क्रियाकलापों की सराहना की। इस अवसर पर निगम के अपर आयुक्त विनय मिश्रा, अधीक्षण अभियंता सुरेश बरूवा, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, सहायक अभियंता आकाश अग्रवाल, रितेश सिंह, स्वच्छता निरीक्षक शैलेन्द्र नामदेव, पंकज गभेल, धनमोहन कुर्रे आदि के साथ महिला स्वसहायता समूह की सदस्यगण, स्वच्छता दीदियों आदि के साथ अन्य लोग उपस्थित थे।

**स्वच्छता दीदियों से चर्चा, किया उनका उत्साहवर्धन** – प्रभारी सचिव डॉ.रोहित यादव ने सेंटर में कार्यरत महिला स्वसहायता समूह की सदस्यों व स्वच्छता दीदियों से विस्तार से चर्चा कर उनके क्रियाकलापों एवं सेंटर के माध्यम से समूह को होने वाली अतिरिक्त आय आदि की जानकारी ली, साथ ही पूछा कि उन्हे समय पर मानदेय प्राप्त हो रहा है या नहीं। डॉ.यादव ने स्वच्छता दीदियों द्वारा सेंटर में किए जा रहे कार्यो व उनके प्रयासों की प्रशंसा की, उनका उत्साहवर्धन किया तथा उनसे पूछा कि उन्हें सेंटर या सेंटर के बाहर कार्य संपादन के दौरान किसी प्रकार की समस्या तो सामने नहीं आ रही, जिस पर स्वच्छता दीदियों ने उत्साहपूर्वक बताया कि वे वर्ष 2017 से काम कर रही हैं किन्तु आज तक कोई समस्या सामने नहीं आई है, साथ ही समय पर मानदेय भी मिल रहा है एवं सेंटर के माध्यम से पर्याप्त अतिरिक्त आय भी हो रही है।

**डोर–टू–डोर अपशिष्ट संग्रहण की जानकारी** – डॉ.रोहित यादव ने डोर–टू–डोर अपशिष्ट व्यवस्था पर भी चर्चा की, जिस पर निगम आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने बताया कि निगम द्वारा क्षेत्र के सभी वार्डो में डोर–टू–डोर व्यवस्था संचालित कर सभी घरों से अपशिष्ट का संग्रहण कराया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर निगम क्षेत्र में स्थित सार्वजनिक व औद्योगिक प्रतिष्ठान अपने आधिपत्य क्षेत्रों में स्थित आवासीय कालोनियों में डोर–टू –डोर अपशिष्ट संग्रहण का कार्य करा रहे हैं, इस मौके पर प्रभारी सचिव डॉ. यादव ने स्वच्छता दीदियों से कहा कि वे कार्य के दौरान आवश्यक सुरक्षा उपकरण का उपयोग अवश्य करें।

**प्लास्टिक बोतल व अपशिष्ट से बनाया सोफा** – दर्रीखार एस.एल.आर.एम.सेंटर में स्वच्छता दीदियों ने नवाचार करते हुए प्लास्टिक की खाली पानी की बोतलों व प्लास्टिक अपशिष्ट पाउच आदि के माध्यम से सुंदर सोफे का निर्माण किया गया है, प्रभारी सचिव डॉ.रोहित यादव ने उक्त सोफे का अवलोकन किया, उस पर बैठे तथा इस नवाचार की प्रशंसा की, सोफा निर्माण में उपयोग की गई प्लास्टिक अपशिष्ट की जानकारी ली, जिस पर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी ने बताया कि पानी की खाली बोतलों में सिंगल यूज प्लास्टिक पाउच व अन्य प्लास्टिक अपशिष्ट भर कर इको–ब्रिक बनाई जाती है तथा एक इको–ब्रिक बनाने में 100 वर्गफिट एरिया को कवर करने वाली सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग कर लिया जाता है, इको–ब्रिक का वजन 200 ग्राम के लगभग होता है तथा उक्त सोफे में लगभग 217 इको–ब्रिक उपयोग में लाई गई हैं। उन्होने बताया कि उक्त सोफे में लगभग 43 किलोग्राम प्लास्टिक अपशिष्ट यूज हुआ है तथा इस सोफे के निर्माण में यूज किया गया सिंगल यूज प्लास्टिक 21 हजार 700 वर्गफिट एरिया को कवर कर सकता है।

**सुशासन तिहार शिविर का किया निरीक्षण** – कोरबा जिला के प्रभारी सचिव डॉ. रोहित यादव ने निगम आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय के साथ निगम के कोसाबाड़ी जोन कार्यालय में आयोजित सुशासन तिहार शिविर का भी निरीक्षण किया, शिविर में वार्डवार लगाए गए काउंटरों में पहुंचकर नागरिकों द्वारा विभिन्न शिकायतों, समस्याओं व मांग से संबंधित प्रस्तुत किए गए आवेदनों की जानकारी ली तथा उनके समयबद्ध निराकरण के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।